बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः 09.10.2025**

# बिहार विधान सभा आम निर्वाचन– 2025 के मद्देनजर टेलीकॉम कम्पनियों के साथ बैठक

आज दिनांक 09.10.2025 को अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार श्री प्रशांत कुमार सी०एच० की अध्यक्षता में टेलीकॉम कंपनियों के साथ बैठक की गई। बैठक में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नेटवर्क सुगमता, शेडो जोन में नेटवर्क की उपलब्धता एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित विषयों पर विमर्श किया गया। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज कुमार सिंह एवं स्टेट मीडिया नोडल पदाधिकारी श्री कपिल शर्मा ने भी सहभागिता की।

**बैठक में निम्न बिंन्दुओं पर चर्चा की गईः–**

- **शैडो जोन (Shadow Zone) में नेटवर्क उपलब्धता**
  निर्वाचन के दौरान निर्बाध संचार सुनिश्चित करने हेतु राज्यभर में चिन्हित शैडो जोन स्थलों की सूची विभाग द्वारा सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों को उपलब्ध कराई जाएगी। उक्त सूची प्राप्त होने के उपरांत संबंधित टेलीकॉम कंपनियां शैडो जोन में नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करेंगी। इस संबंध में सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों ने पूर्ण सहयोग एवं त्वरित कार्रवाई करने पर सहमति व्यक्त की।
- **वेबकास्टिंग हेतु नेटवर्क की उपलब्धता**
  बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जानी है। वेबकास्टिंग के सुचारू संचालन हेतु नेटवर्क की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों ने सहमति दी। इस संदर्भ में आवश्यक तकनीकी समाधान हेतु संबंधित अधिकारी स्तर पर समन्वय स्थापित करने का निर्णय लिया गया।
- **मतदाता जागरूकता हेतु एसएमएस एवं कॉलिंग सुविधा (SVEEP गतिविधियाँ)**
  SVEEP अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को Polling Day, P–1 Day, P–3 Day एवं P–7 Day पर एसएमएस के माध्यम से जागरूकता संदेश भेजने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त आउट बाउंड कॉलिंग के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता संदेश प्रसारित करने की के प्रस्ताव पर भी सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों ने द्वारा सहमति प्रदान की गई है। एस०एम०एस० एवं आउट बाउंड कंटेंट विभाग द्वारा तैयार किया जायेगा।